University in News on 12 March 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : सेकंड कैंपस में मुफ्त ई-रिक्शा सुविधा

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन की ओर से सेकेंड कैंपस में भी शुक्रवार से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा सुविधा की शुरुआत की गई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने पर 30 दिसंबर को मुख्य परिसर में पांच ई-रिक्शा का संचालन शुरू किया गया था। इसी क्रम में सेकंड कैंपस में भी इसे शुरू किया गया। प्रो. राय ने कहा कि दूसरे परिसर में छात्र केंद्रित सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक कदम है। ताकि सहूलियत के साथ ग्रीन कैंपस का दर्जा भी बरकरार रहे। ई-रिक्शा संचालन का प्रबंधन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय करेगा। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि जल्द ही दोनों परिसरों में ई-रिक्शा बढ़ाने की योजना है। इस अवसर पर प्रो. विनीता काछर उपस्थित रहीं। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : कैंटीन के मेन्यू में हो विविधता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कॉफी विथ वीसी के चौथे चरण का आयोजन किया गया। इसमें कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों से चर्चा की। इसमें छात्रों ने कैंटीन के मेन्यू में विविधता बढ़ाने का सुझाव दिया। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : होली सेलिब्रेशन में धमाल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता छात्रावास में शुक्रवार को होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। इसमें विवि कर्मचारियों के बच्चों के बीच पोस्टर मेकिंग, रंगोली, डांस व फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसकी थीम ब्रज की होली थी। इसमें बच्चों ने व छात्राओं ने खूब मस्ती व धमाल किया। मुख्य अतिथि कुलपति की पत्नी संगीता राय, डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. नलिनी पांडेय, प्रो. मनुका खन्ना, छात्रावास प्रोवोस्ट डॉ. अमिता कन्नौजिया ने विजेता बच्चों को सम्मानित भी किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

एलयू के इंजिनियरिंग संकाय के 26 विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजिनियरिंग संकाय के 26 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट प्रतिष्ठित कोर कंपनियों में हुआ है। इनमें मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी इनफोर में दो छात्रों अमृता पांडे और संकल्प का एसोसिएट कंसलटेंट के पद पर 8.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर नौकरी मिली है।

एपवेंचरज मोबिटेक में तीन छात्रों चित्रांशु शर्मा, गौरव त्रिपाठी, देवाशीष कुमार का सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर 4.5 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चयन हुआ है। एलयू प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लॉर्सन ऐंड टुब्रो इन्फोटेक में तीन छात्रों नीलेश कुमार, यश श्रीवास्तव, आयुष शंखवार और सीआरटीडी कंपनी में प्रदीप, ऋतिक, तान्या, श्रजय, विकास, जय प्रताप, आंचल, दिग्विजय, ऋषभ, जोया, आकृति, आशुतोष, प्रिंस, श्वेता, युवराज का चयन हुआ है। इसी तरह, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में बीसीए के तीन छात्रों फिरोज, अवनीश कुमार पंकज और चित्रांश का चयन किया गया है।

HINDUSTAN PAGE 10

एलयू: 26 छात्र और छात्राओं को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। जिसमें मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी में दो छात्र का चयन अधिकतम 8.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

एलएलबी नवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि दिसम्बर 2021 एलएलबी इंटीग्रेटेड न्यू कोर्स के नवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। साथ ही एलएलबी इंटीग्रेटेड पांचवे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

DAINIK JAGRAN PAGE 4

लवि : व्याख्यान में विशेषज्ञ ने रखे विचार

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग की ओर से शुक्रवार को दो दिवसीय व्याख्यान माला का शुभारंभ हुआ। 'वैदिक वाङ्मय में उद्योग तथा कौशल विकास' विषय पर आयोजित व्याख्यान में कला संकाय की अध्यक्ष प्रो. प्रेम सुमन शर्मा, सांदीपनि वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के पूर्व सचिव प्रो. ओम प्रकाश पांडेय, जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कालेज कानपुर की पूर्व प्राचार्य डा. रेखा शुक्ला सहित 78 से अधिक शोध छात्र-छात्राएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित प्रो. ओम प्रकाश पांडेय ने वैदिक यज्ञ को केंद्र बनाकर उनके माध्यम से विकास को प्राप्त करने वाले अनेक उद्योगों तथा कौशल विकास के प्रासंगिक तथा व्यावहारिक पक्षों पर अपने विचार रखे। (जासं)

JAGRAN CITY PAGE I & IV

काफी विद वीसी | कक्षा संचालन और कार्यक्रमों के आयोजन व अन्य मुद्दों पर चर्चा

कुलपति संग बैठे विद्यार्थी, दिए सुझाव

लवि में काफी विद वीसी कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों के साथ चर्चा करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय • लोकेश - लवि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को काफी विद वीसी के चौथे चरण में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों के बीच चर्चा हुई।

कक्षा संचालन और कार्यक्रमों के आयोजन व अन्य मुद्दों पर कुलपति के साथ चर्चा के दौरान राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों ने कई सुझाव दिए। कैंटीन के मेन्यू में विविधता बढ़ाने का भी सुझाव रखा। साथ ही सक्रिय वातावरण बनाने के लिए परिसर में नियमित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। राजनीति विज्ञान विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्यार्थियों में अपर्णा जैन, अंजलि सिंह, कुलदीप वर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, नवनीत मिश्रा, मोहित कुमार मिश्रा, पीएचडी, तनय शाह व अर्चित पांडे शामिल रहे।

लवि के नवीन परिसर में भी ई-रिक्शा की सुविधा

लवि के जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर में शुक्रवार से डीन ई-रिक्शा की शुरुआत हो गई। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि यह सुविधा परिसर की सुरक्षा को भी सुनिश्चित करेगी, क्योंकि बाहर से आने वाले वाहनों को एक निश्चित पार्किंग क्षेत्र तक लाया जा सकेगा। ई-रिक्शा संचालन का प्रबंधन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय करेगा। यह सुविधा दिव्यांग विद्यार्थी, शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए होगी। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि बीते 30 दिसंबर को दूसरे परिसर में पांच ई-रिक्शा का संचालन शुरू किया गया था।

लवि में होली के बाद शुरू होगी नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नए शैक्षिक सत्र 2022-23 में स्नातक, परास्नातक आदि पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए तैयारी शुरू कर दी है। आनलाइन आवेदन का कार्यक्रम होली बाद जारी किया जाएगा। लवि ने शैक्षिक सत्र 2021-22 में दाखिले के लिए आए आवेदन पत्रों के अनुसार पिछले पांच साल का रिकार्ड तोड़ दिया था। विभिन्न पाठ्यक्रमों में 8,990 सीटों के सापेक्ष 73,084 आवेदन हुए थे। इनमें दाखिले 7,849 सीटों पर हो गए थे। अब नए सत्र के आवेदन की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दो दिन पहले एडमिशन सेल की ओर से की गई तैयारियों की समीक्षा भी की थी। उन्होंने बताया कि होली के बाद प्रवेश के लिए आवेदन का विस्तृत विवरण जारी किया जाएगा। विद्यार्थियों को आनलाइन आवेदन का पर्याप्त समय भी दिया जाएगा।

लवि : 26 विद्यार्थियों का कंपनियों में चयन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 26 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि अमृता पांडेय व संकल्प का चयन एसोसिएट कंसलटेंट पद पर 8.5 लाख प्रतिवर्ष, चित्रांशु शर्मा, गौरव त्रिपाठी व देवाशीष का साफ्टवेयर डेवलपर पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष पर चयन हुआ। नीलेश कुमार, यश श्रीवास्तव व आयुष शंखवार का चयन 3.1 लाख प्रतिवर्ष पर एसोसिएट साफ्टवेयर ट्रेनी पद पर हुआ। प्रदीप, ऋतिक, तान्या, श्रजय, विकास, जय प्रताप, आंचल, दिग्विजय, ऋषभ, जोया, आकृति, आशुतोष, प्रिंस, श्वेता व युवराज का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 10 लाख प्रतिवर्ष और बीसीए के तीन छात्रों फिरोज, अवनीश कुमार पंकज और चित्रांश का चयन 1.9 लाख प्रतिवर्ष पर ग्रेजुएट ट्रेनी के पद पर हुआ है।

परिणाम जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एलएलबी इंटीग्रेटेड (न्यू कोर्स) नवें और इंटीग्रेटेड पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि यह परिणाम दिसंबर-2021 परीक्षा के हैं। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। (जासं)

विद्यार्थी किए गए सम्मानित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने रेड रिबन क्लब के तहत 'क्षय रोगी की देखभाल के लिए व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता : मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर कार्यक्रम किया। इसमें बीए आनर्स व एमए के विद्यार्थियों ने कोलाज व पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन की प्रस्तुति दी। एमए व बीए में अव्वल और सर्वश्रेष्ठ पीएचडी थीसिस के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विभाग की हेड डा. अर्चना शुक्ला, डा. मानिनी श्रीवास्तव मौजूद रहीं। (जासं)

अब विद्यार्थी सीखेंगे बगीचा सजाने की कला

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के छात्र-छात्राएं अब बगीचे को सजाने से लेकर झाड़ को काटने की कला सीखेंगे। इसमें उन्हें जापानी गार्डन, फार्मल गार्डन सहित कई तरह के बगीचों के बारे में भी बताया जाएगा। इसके लिए वनस्पति विज्ञान विभाग ने एम.एससी के पाठ्यक्रम में कई नए पेपर शामिल किए हैं। लवि के वनस्पति विज्ञान विभाग की हेड प्रो. नलिनी पांडेय ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम में कई नए पेपर शामिल किए हैं।

एम.एससी बाटनी के चौथे सेमेस्टर में इलेक्टिव पेपर के रूप में गार्डनिंग एंड लैंडस्केपिंग विषय को जोड़ा है। किसी भी विषय के विद्यार्थी इसे ले सकते हैं। इसमें जापानी बगीचे, फार्मल बगीचे, घरों में तैयार करने वाले बगीचे से लेकर नई चीजें भी इसमें शामिल की गई हैं। अक्सर कई पार्कों में बीच की जमीन ऊंची और फिर ढाल नुमा करके सजाया जाता है। यह भी पाठ्यक्रम में बताया जाएगा। इसके अलावा कर्तन कला में झाड़ को विभिन्न आकार में काटने, सजाने के तरीके और टोपरी पौधों के विषय में भी जानकारी दी जाएगी। यह पूरा पेपर 100 अंकों का होगा। इसमें पांच यूनिट होंगे।

नेचुरल रिसोर्स एंड कंजरवेशन पेपर में पर्यावरण, रिन्यूएबल एनर्जी से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मिट्टी के प्रकार, उनसे होने वाली उपज, ऊसर भूमि को ठीक करने के उपाय भी पढ़ाए जाएंगे। इसके अलावा तीसरे सेमेस्टर में इंटर डिपार्टमेंटल में होम्योपैथी, एलोपैथी, आयुर्वेद में उपयोग में आने वाले पौधे, उन्हें बढ़ाने के तरीके, पौधे से वर्मी कंपोस्ट बनाने की भी जानकारी दी जाएगी।

PIONEER PAGE 3

एलयू के नवीन परिसर में नि:शुल्क ई-रिक्शा की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में भी अब छात्र और शिक्षक ई-रिक्शा की सुविधा निशुल्क ले सकेंगे। शुक्रवार को परिसर के अंदर ई-रिक्शा के लिए मुफ्त संचालन की शुरुआत की गई। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में पांच ई-रिक्शों का संचालन हो रहा है। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि सेकेण्ड कैम्पस में छात्र केंद्रित सुविधाओं को सुनिश्चित करने की दिशा मे यह एक महत्वपूर्ण कदम है। जिससे सहूलियत के साथ ही ग्रीन कैंपस का दर्जा भी बरकरार रहे।

इंजीनियरिंग संकाय के 26 छात्रों का प्लेसमेंट

इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्रों का प्लेसमेंट प्रतिष्ठित कोर कम्पनियों में हुआ है। जिसमें मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी इनफोर में दो छात्रों अमृता पांडे और संकल्प का एसोसिएट कंसलटेंट के पद पर अधिकतम 8.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा एपवेंचरज मोबिटेक में तीन छात्रों चित्रांशु शर्मा, गौरव त्रिपाठी, देवाशीष कुमार का सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर 4.5 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चयन हुआ है। साथ ही लार्सन एंड टुब्रो इन्फोटेक में तीन छात्रों नीलेश कुमार ए यश श्रीवास्तव, आयुष शंखवार का चयन 3.1 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एसोसिएट सॉफ्टवेयर ट्रेनी के पद पर अधिकतम 10 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एवं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में बीसीए के तीन छात्रों फिरोज, अवनीश कुमार पंकज और चित्रांश का चयन 1.9 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर ग्रैजुएट ट्रेनी के पद पर हुआ है।

एलयू मे काफी विद वीसी का चतुर्थ संस्करण हुआ सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में काफी विद वीसी के चौथे संस्करण के तहत शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और राजनीति विज्ञान के छात्रों के बीच काफी पर चर्चा हुई। प्रो राय की नूतन परिकल्पना पर आधारित और डीन छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन द्वारा निष्पादित यह अत्यंत लोकप्रिय संवाद श्रृंखला आज विश्वविद्यालय की एक स्थापित परंपरा बन गयी है।कक्षा संचालन और कार्यक्रमों के आयोजन सहित विभिन्न मुद्दों पर कुलपति के साथ चर्चा के दौरान राजनीति विज्ञान के छात्रों ने रचनात्मक सुझाव दिए। इस वार्ता में उन तरीकों का पता लगाने के लिए रचनात्मक सुझाव मिले जिनसे छात्र विश्वविद्यालय में लखनवी प्रभाव को प्रभावी तौर पर और अधिक रूप से दिखने के लिए प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कैंटीन के मेनू में विविधता बढाने का भी सुझाव दिया। छात्रों ने सक्रिय वातावरण बनाने के लिए परिसर में नियमित तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया । राजनीति विज्ञान विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों में अपर्णा जैन, अंजलि सिंह, कुलदीप वर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, नवनीत मिश्रा, मोहित कुमार मिश्रा, तनय शाह, कुमार अर्चित पांडे शामिल रहे ।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि के 26 छात्रों के प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्रों का प्लेसमेंट प्रतिष्ठित कोर कम्पनियों में हुआ। जिसमें मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी में दो छात्रों अमृता पांडे और संकल्प का एसोसिएट कंसलटेंट के पद पर अधिकतम 8.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा एक अन्य कंपनी में तीन छात्रों चित्रांशु शर्मा, गौरव त्रिपाठी, देवाशीष कुमार का सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर 4.5 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चयन हुआ। साथ ही दूसरी कंपनी में तीन छात्रों का चयन 3.1 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा एक अन्य कंपनी में 15 छात्रों का एवं कंसलटेंसी सर्विसिज में वी.सी.ए के तीन छात्रों फिरोज, अवनीश कुमार पंकज और चित्रांश का चयन 1.9 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर ग्रैजुएट ट्रेनी के पद पर होने का दावा किया है।

'काफी विद वीसी' में शामिल हुए कई छात्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चौथे संस्करण के तहत शुक्रवार को कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और राजनीति विज्ञान के कई छात्रों के बीच काफी पर चर्चा हुई। उन्होंने कैटीन के मेनू में विविधता बढाने का भी सुझाव दिया। छात्रों ने सक्रिय वातावरण बनाने के लिए परिसर में नियमित तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया । राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों में अपर्णा जैन, एमए द्वितीय सेमेस्टर, अंजलि सिंह, बीए (ऑनर्स) चतुर्थ सेमेस्टर, कुलदीप वर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, नवनीत मिश्रा, मोहित कुमार मिश्रा, पीएचडी, तनय शाह, पीएचडी और कुमार अर्चित पांडे शामिल रहे ।

AMRIT VICHAR PAGE 3

छात्रों ने कुलपति को दिए सुझाव

कॉफी विद वीसी

अमृत विचार, लखनऊ

शुक्रवार को काफी विद वीसी के तहत कुलपति प्रोफेसर आलोक राय से वार्ता करते छात्र।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कॉफी विद वीसी के चौथे संस्करण के तहत शुक्रवार को कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के साथ छात्रों ने चर्चा की। इस बारे में डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि यह अत्यंत लोकप्रिय संवाद श्रृंखला की शुरूआत हुई है जो विश्वविद्यालय की एक स्थापित परंपरा है। इस दौरान छात्र अपने विचारों को कुलपति के साथ बेहिचक साझा करते हैं और इस प्रकार विश्वविद्यालय के सहक्रियात्मक विकास के लिए सुदृढ़ आधार प्रदान करते हैं। अनौपचारिक माहौल और संवाद परिसर की शैक्षणिक प्रणाली के उत्थान में अभिन्न भूमिका अदा करता है। कुलपति प्रो. राय ने दोहराया कि छात्रों के अनुभव एवं दृष्टिकोण से उन्हें विश्वविद्यालय के विकास की योजनाएं बनाने मे काफी मदद मिलती है। शुक्रवार को छात्रों ने सक्रिय वातावरण बनाने के लिए परिसर में नियमित तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। इस दौरान अपर्णा जैन, अंजलि सिंह, कुलदीप वर्मा, अनिकेत श्रीवास्तव, नवनीत मिश्रा, मोहित कुमार मिश्रा, तनय शाह व अर्चित पांडे आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

होली पार्टी में छात्राओं ने मचाई धूम

जासं, लखनऊ : होली खेलें रघुबीरा..., रंग बरसे भीगे चुनर वाली..., बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी... जैसे कई होली गीतों पर छात्राओं ने डांस की प्रस्तुति से धमाल मचा दिया। मौका था लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता छात्रावास में आयोजित होली पार्टी कार्यक्रम का। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की लड़कियों व छात्रावास की छात्राओं ने नृत्य, गायन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं से प्रशंसा बटोरी।

होली पार्टी की शुरुआत दोपहर 12 बजे से हुई। आठ से 17 वर्ष की लड़कियों के कई ग्रुप बने। सबसे पहले रंगोली, फिर पोस्टर मेकिंग और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की गई। शाम को निवेदिता छात्रावास की छात्राओं के बीच रंग बरसे कार्यक्रम हुआ। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। होली पार्टी में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की पत्नी संगीता राय, छात्रावास की प्रोवोस्ट प्रो. अमिता कनौजिया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, प्रो. नलिनी पांडेय, प्रो. मनुका खन्ना, डा. मनीषा, डा. अनुपमा, डा. रिचा बनर्जी भी उपस्थित रहीं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग के 26 छात्र-छात्राओं को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। इसमें मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी में दो छात्र का चयन अधिकतम 8.5 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है।

FIRST INDIA PAGE 13

Cleaner Commute!

CITY FIRST

At the flagging off moment

The Second Campus of University of Lucknow witnessed the flagging off moment of the E- Rickshaw which will provide free and easy access to commute inside the campus on Friday.

This pollution free service started with the introduction of 5 e-vehichles in main campus on 30th December 2021 when Vice Chancellor Prof Alok Kumar Rai completed two years of his extremely successful tenure at the University.

Prof Rai initiated this service for the physically challenged students, faculty, and staff who had to otherwise walk long distance to reach different departments and offices. He said that the extension of this service to the second campus was always in the pipeline as the second campus today has a spread of Institutes and offices as well as in order to ensure that the second campus retains the 'green campus' status.

This facility will also ensure the safety and security of the campus as vehicles will soon have a parking area.

The E- Rikshaw will be managed by the office of the Dean Student Welfare Prof Poonam Tandon.

She said that she feels extremely satisfied to see the rickshaws functioning at the main campus, especially to see the needy students using them and felt proud to see the same facility extended to the second campus. The Additional Dean, Second Campus.

#CoffeewithVC

CITY FIRST

Prof Alok Kumar Rai with students

On Friday, the fourth edition of '#CoffeewithVC' at the University of Lucknow was held. This time the discussion was held between Vice Chancellor Prof Alok Kumar Rai and Political Science students. This immensely popular interactive series, conceived by Prof Rai and implemented by Dean Student Welfare Prof Poonam Tandon, is now an established University tradition in which students freely exchange their opinions with the Vice Chancellor, allowing for the University's synergistic growth.

The informal atmosphere and dialogue encourage students to become active participants in the development of the campus' academic system, and Vice Chancellor Prof Rai emphasised that the students motivate him to look at systems from the thier perspective, allowing for a smoother transition from the traditional to the modern.

During the conversation, students of Political Science came up with innovative ideas on several topics, including classroom behaviour and event planning.

During the discussion, useful recommendations were made to investigate how students may form teams to investigate more of Lucknow's impact in the university.

They also advised that the canteen's menu be expanded to include more options and they offered to host cultural events on campus to create a more proactive atmosphere.

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

E-rickshaw services started on Lucknow University new campus

LUCKNOW : The University of Lucknow on Friday started e-rickshaw services on its new campus on Sitapur Road that will provide free and easy transportation within the varsity premises both to students and teachers.

Earlier, this service was started with the introduction of 5 e-vehicles on the main campus on December 30, 2021 when vice chancellor prof Alok Kumar Rai completed two years of his tenure at the university.

Prof Rai, who initiated this service especially for the physically challenged students, faculty and staff who had to otherwise walk long distance to reach different departments and offices, said the extension of this service was always in the pipeline as the second campus has a number of institutes and offices and also to ensure that it retains the 'green campus' status.

"The service was started with one e-rickshaw the number of which will be raised in the days to come. This facility will ensure the safety and security of the campus as vehicles will soon have a parking area," he said.

Prof Poonam Tandon, DSW said "It is very satisfying to see the rickshaws being utilized by the needy. It is also a proud moment to see the same facility being extended to the second campus." Additional dean, second campus prof Vineeta Kachar along with her team members were present to mark the occasion. HTC

TRUE TIMES PAGE 1 & 3

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 26 छात्रों का प्रतिष्ठित कम्पनियों में हुआ प्लेसमेंट

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्रों का प्लेसमेंट प्रतिष्ठित कोर कम्पनियों में हुआ।

जिसमें मल्टीनेशनल सॉफ्टवेयर कंपनी इनफोर में दो छात्रों अमृता पांडे और संकल्प का एसोसिएट कंसलटेंट के पद पर अधिकतम 8.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा एपवेंचरज़ मोबिटेक में तीन छात्रों चित्रांशु शर्मा, गौरव त्रिपाठी, देवाशीष कुमार का सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर 4.5 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर चयन हुआ। साथ ही लार्सन एंड टुब्रो इन्फोटेक में तीन छात्रों नीलेश कुमार , यश श्रीवास्तव, आयुष शंखवार का चयन 3.1 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एसोसिएट सॉफ्टवेयर ट्रेनी के पद पर तथा सी.आर.टी.डी कंपनी में 15 छात्रों प्रदीप, ऋतिक, तान्या, श्रजय, विकास, जय प्रताप, आंचल, दिग्विजय, ऋषभ, जोया, आकृति, आशुतोष, प्रिंस, श्वेता, युवराज का चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर अधिकतम 10 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर एवं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में बी.सी.ए के तीन छात्रों फिरोज, अवनीश कुमार पंकज और चित्रांश का चयन 1.9 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर ग्रैजुएट ट्रेनी के पद पर हुआ।

लखनऊ विश्वविद्यालय मे काफी विद वी. सी. का चतुर्थ संस्करण हुआ आयोजित

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में '#CoffeewithVC' के चौथे संस्करण के तहत 11 मार्च 2022 को कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और राजनीति विज्ञान के छात्रों के बीच काफी पर चर्चा हुई। प्रो. राय की नूतन परिकल्पना पर आधारित और डीन छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन द्वारा निष्पादित यह अत्यंत लोकप्रिय संवाद श्रृंखला आज विश्वविद्यालय की एक स्थापित परंपरा है, जिसमे छात्र अपने विचारों को कुलपति के साथ बेहिचक साझा करते हैं और इस प्रकार विश्वविद्यालय के सहक्रियात्मक विकास के लिए सुदृढ आधार प्रदान करते हैं।

अनौपचारिक माहौल और संवाद परिसर की शैक्षणिक प्रणाली के उत्थान में अभिन्न भूमिका अदा करता है । कुलपति प्रो राय ने दोहराया कि छात्रों के अनुभव एवं दृष्टिकोण से उनहे विश्वविद्यालय के विकास की योजनाए बनाने मे काफी मदद मिलती है ।

कक्षा संचालन और कार्यक्रमों के आयोजन सहित विभिन्न मुद्दों पर कुलपति के साथ चर्चा के दौरान राजनीति विज्ञान के छात्रों ने रचनात्मक सुझाव दिए। इस वार्ता में उन तरीकों का पता लगाने के लिए रचनात्मक सुझाव मिले जिनसे छात्र विश्वविद्यालय में लखनवी प्रभाव को प्रभावी तौर पर और अधिक रूप से दिखने के लिए प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने कैंटीन के मेनू में विविधता बढाने का भी सुझाव दिया। छात्रों ने सक्रिय वातावरण बनाने के लिए परिसर में नियमित तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया । राजनीति विज्ञान विभाग का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों में अपर्णा जैन, एमए द्वितीय सेमेस्टर, अंजलि सिंह, बीए (ऑनर्स) चतुर्थ सेमेस्टर, कुलदीप वर्मा, बीए (ऑनर्स), VI सेमेस्टर, अनिकेत श्रीवास्तव, एमए IV सेमेस्टर, नवनीत मिश्रा, बीए द्वितीय सेमेस्टर, मोहित कुमार मिश्रा, पीएचडी, तनय शाह, पीएचडी और एमए IV सेमेस्टर IV के कुमार अर्चित पांडे शामिल रहे ।

'एनईपी 2020: विजन टू एक्शन' कार्यशाला का चौथा दिन

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में मानव संसाधन विकास केंद्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित 'एनईपी 2020: विजन टू एक्शन' के सात दिवसीय कार्यशाला को प्रो. केया घोष, कार्यशाला समन्वयक, और प्रमुख, मानव विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, और प्रो कमल कुमार, निदेशक, एकआरटीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा सम्बोधित किया गया, के बीच दिन ए के टी यू के माननीय कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र ने एनईपी 2020 से संबंधित पहलुओं और अवसरों पर प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस सम्मानित और बुद्धिजीवी वक्ता ने भारतीय शिक्षा के इतिहास को समझने में कौटिल्य की पुस्तक 'द अर्थशास्त्र ट्री' को शामिल किया। यह पुस्तक हमारे राष्ट्रहित के लिए भी भारत की शिक्षा प्रणाली के बारे में उनके दृष्टिकोण में देखा जा सकता है। प्रो. मिश्रा ने अपने भाषण में महात्मा गांधी के मार्गदर्शक आदर्शों का उल्लेख करते हुए प्रतिभागियों से अच्छे शिक्षक बनने का आग्रह किया जो अपने छात्रों की भलाई को ध्यान में रखते हैं। उन्होंने छात्रों को वैदिक काल से पूर्व-ब्रिटिश युग तक भारतीय शिक्षा प्रणाली की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अन्